सिटी मैनेजमेंट एसोसिएशन का दौरा

'शहरवासी समझते हैं विरासत का महत्व'

जयपुर. इंटरनेशनल सिटी मैनेजमेंट एसोसिएशन का दल गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय पहुंचा। ईसी हॉल में हुई कॉन्फ्रेंस में एसोसिएशन के सदस्यों ने नगर निगम की कार्यप्रणाली को समझा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बोल्डर शहर, कोलाराडो (यूएसए) की सिटी मैनेजर और आईसीएमए की अध्यक्ष जेन ब्रुटीगम ने किया। दोनों ने नगर निगम और स्मार्ट सिटी के निर्माण कार्यों की तारीफ की। ब्रुटीगम ने कहा कि शहर अपने आप में बेहतरीन है। जयपुर को यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि शहरवासी इसे अपनी विरासत समझते हैं और इसको संरक्षित करने की वजह से ही यह दर्जा मिला है। इससे पहले निगम अधिकारियों ने जयपुर के इतिहास और निगम की ओर से कराए जा रहे कार्यों के बारे में बताया। स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लोक बंधु, अतिरिक्त आयुक्त अरुण गर्ग, आईसीएमए के कार्यकारी निदेशक मार्क ओट बैठक में मौजूद थे।